**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION YEAR 2023- 2024**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS : VI**
**DATE : 12 /09/2023** **MARKS : 80**

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answersheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) जल का महत्त्व ii) मेरा परिवार iii) मेरी पहली हवाई यात्रा
iv) मेरा देश भारत

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

i) अपने चाचा के घर में हुई चोरी की शिकायत करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

ii) कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक गाँव में एक अमीर जमींदार रहता था। वह जितना अमीर था, उतना ही कंजूस भी। अपने धन को सुरक्षित रखने का उसने एक अजीब तरीका निकाला था। वह धन से सोना खरीदता और फिर उस सोने को पिघलाकर उसके गोले बनाकर अपने एक खेत में एक पेड़ के नीचे गड्ढा खोदकर डाल देता था। रोज़ खेत जाना और गड्ढे को खोदकर सोने के गोलों की गिनती करना उसकी दिनचर्या का हिस्सा था।

इस तरह वह सुनिश्चित करता था कि उसका सोना सुरक्षित है। एक दिन एक चोर ने कंजूस आदमी को गड्ढे में से सोना निकालकर गिनते हुए देख लिया। वह छुपकर उसके जाने का इंतज़ार करने लगा। जैसे ही कंजूस आदमी गया। वह गड्ढे के पास पहुँचा और उसमें से सोना निकालकर भाग गया। अगले दिन जब कंजूस आदमी खेत में गड्ढे के पास पहुँचा। तो सारा सोना ना पाकर रोने-पीटने लगा।

उसके रोने की आवाज़ वहाँ से गुजरते एक राहगीर के कानों में पड़ी, तो वह रुक गया। उसने कंजूस आदमी से रोने का कारण पूछा, तो कंजूस आदमी बोला, "मैं लुट गया। बर्बाद हो गया। कोई मेरा सारा सोना लेकर भाग गया। अब मैं क्या करूँगा?" " सोना? किसने चुराया? कब चुराया?" राहगीर आश्चर्य में पड़ गया।

फिर कंजूस आदमी बिलखते हुए बोला "पता नहीं चोर ने कब इस गड्ढे को खोदा और सारा सोना लेकर नौ दो ग्यारह हो गया। मैं जब यहाँ पहुँचा, तो सारा सोना गायब था।" फिर राहगीर बोला "गड्ढे से सोना ले गया? तुम अपना सोना यहाँ इस गड्ढे में क्यों रखते हो? अपने घर पर क्यों नहीं रखते? वहाँ ज़रूरत पड़ने पर तुम उसका आंसानी से उपयोग कर सकते हो।"

कंजूस आदमी बोला "मैं अपने सोने को कभी हाथ नहीं लगाता। मैं उसे सहेजकर रखता हूँ और हमेशा रखता, यदि वो चोर उसे चुराकर नहीं ले जाता।" यह बात सुनकर राहगीर ने जमीन से कुछ कंकड़ उठाये और उसे उस गड्ढे में डालकर बोला, "यदि ऐसी बात है, तो इन कंकडों को गड्ढे में डालकर गड्ढे को मिट्टी से ढक दो और कल्पना करो कि यही तुम्हारा सोना है, क्योंकि इनमें और तुम्हारे सोने में कोई अंतर नहीं है। ये भी किसी काम के नहीं और तुम्हारा सोना भी किसी काम का नहीं था। उस सोने का तुमने कभी कोई उपयोग ही नहीं किया, न ही करने वाले थे। उसका होना न होना बराबर था।" अर्थात जिस धन का कोई उपयोग न हो, उसका कोई मोल नहीं।

प्रश्न –

i) गाँव में कौन रहता था ? [1]
ii) वह कैसा आदमी था ? [1]
iii) वह अपने धन को सुरक्षित रखने के लिए क्या करता था ? [2]
iv) कंजूस आदमी क्यों रोने पीटने लगा ? [2]
v) राहगीर ने कंकड़ों को गड्ढे में डालकर कंजूस आदमी को क्या समझाया ? [2]
vi) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

प्रश्न 4 (अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (नव भारती )

i) ' मैं सबसे छोटी होऊँ ' कविता में बच्ची अपनी माँ से क्या शिकायत करती है ? [3]
ii) अंडों और चिड़ियों की किन परेशानियों के विषय में सोचकर केशव और श्यामा चिंतित हो उठे ? [3]
iii) अक्षरों की खोज के बाद मानव के ज़ीवन में क्या - क्या बदलाव आये ? [3]
iv} आज से करोड़ों वर्ष पहले पृथ्वी कैसी थी ? [3]
v) चिड़ा और चिड़िया को देखकर बच्चों के मन में कौन - कौन से सवाल उठते थे ? [3]

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (रंगमंच)

i) विद्यालय जाते समय चुनमुन के मन में डर कब समाप्त हो गया ? [2]
ii) रमिया का विवाह किस प्रकार और किसके साथ हुआ ? [2]
iii) रमिया के पिता का क्या नाम था ? वह क्या काम करते थे ? [2]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए।

नाम : ________________ कक्षा : ____________ अनुक्रमांक : __________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। [3]

अपने कर से ____________

______________________

______________________

____________ पारियों की बात।

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए। [5]

i) माँ दिनभर हाथ पकड़कर कब नहीं घूमती है ?

______________________________________________

ii) केशव व श्यामा के मन में उठे सवालों से क्या पता चलता है ?

______________________________________________

iii) रमिया की माँ कहाँ काम करती थी ?

______________________________________________

iv) अक्षरों की खोज किसने की ?

______________________________________________

v) श्यामा ने नींद खुलने पर क्या देखा ?

______________________________________________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए। [3]

i) खूराख़ - ________________ ii) स्नेह - ________________

iii) तादाद - ________________ iv) अधीर - ________________

v) सज्जित - ________________ vi) सिलसिला - ________________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए। [2]

i) "क्यों भैया, बच्चे निकलकर फुर - से उड़ जाएँगे।"

________________ ने ________________ से कहा।

ii) "तुमने मुझे नहीं दिखाया, मैं अम्माँ जी से कह दूँगी"।

________________ ने ________________ से कहा।

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने 'सही' तथा गलत के सामने 'गलत' लिखिए। [2]

i) विद्यालय से आते ही चुनमुन सीधे सो जाता था। ________

ii) कविता में माँ का स्नेह न खोने की बात कही गई है। ________

iii) बच्चों की चिड़िया देखने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। ________

iv) आज हम जो इतिहास के बारे में पढ़ते हैं, वो इतिहासकारों की देन है। ____

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

i) अमृत - ______________ ______________

ii) कमल - ______________ ______________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [2]

i) अनुकूल - ______________ ii) अल्प - ______________

iii) कुटिल - ______________ iv) आदर्श - ______________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए। [2]

i) जिसका कभी जन्म न होता हो - ______________

ii) जिसकी तुलना न की जा सके - ______________

iii) जिसका कोई नाथ न हो - ______________

iv) जिसका अंत न हो - ______________

4) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए । [2]

i) घोड़ा - ______________ ii) शिष्य - ______________

iii) लेखक - ______________ iv) सत्यवान - ______________

5) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । [2]

i) बहू - ______________ ii) तिथि - ______________

iii) नेता - ______________ iv) रुपया - ______________

6) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से भाववचक संज्ञा शब्द बनाइए [2]

i) प्रभु - ______________ ii) मम - ______________

iii) दोस्त - ______________ iv) गरम - ______________

7) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पहचानकर उनके भेद लिखिए I [2]

i) बच्चे फ़िल्म देख रहे हैं।

______________________________

ii) राधा पढ़ती है।

______________________________

8) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए I [3]

i) किरकिरी होना - ______________________

ii) आँखों में धूल झोंकना - ______________________

iii) जी चुराने - ______________________